तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 26 दिसंबर 2025

[ बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला ]

13 सेवा और अनुशासन ही सच्चे स्वयंसेवक...



14 धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों से समाज ...



## खबर संक्षेप

### बिनैका में आज विशेष ग्रामसभा का आयोजन

**सिमगा।** ग्राम पंचायत बिनैका में शुक्रवार 26 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से विशेष ग्रामसभा का आयोजन किया गया है। सचिव कैलाश पुरी गोस्वामी ने बताया कि बैठक में विकसित भारत, रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण, वीजीरामजी के प्रचार प्रसार एवं जन जागरूकता, अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छता, जल ही जीवन है, पं. दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषक मजदुर कल्याण योजना, आय व्यय पर चर्चा होगी। सरपंच मुकेश बंजारे ने ग्रामवासियों से अधिक से अधिक संख्या भाग लेने अपील की है।

### भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मिले प्रकाश मोदी



**भाटापारा।** छत्तीसगढ़ सकल दिगम्बर जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाश मोदी ने दिल्ली में भाजपा के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष की नई जिम्मेदारी मिलने पर उन्हें जैन समाज की ओर से बधाई दी। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी ने मुलाकात के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा की और नितिन नबीन को छत्तीसगढ़ आने का स्नेहिल निमंत्रण दिया। प्रकाश मोदी ने ▸▸ शेष पेज 13 पर

## कार्यक्रम : मंत्री टंकराम वर्मा और जनप्रतिनिधियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

# पूर्व पीएम अटल की जयंती पर सुशासन दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

स्थानीय अटल परिसर गार्डन चौक में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जन्मदिवस पर सुशासन दिवस का आयोजन नगर पालिका द्वारा किया गया।

इसमें मंत्री टंकराम वर्मा ने बाजपेयीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित किया गया। उन्होंने कहा कि अटल जी एक महामानव व सरल व्यक्तित्व के धनी थे, जिनकी प्रशंसा विपक्ष के लोग भी करते थे, जीवनी पर प्रकाश डाला गया और छत्तीसगढ़ निर्माण के लिए किए वादे को पूरा किया। अच्छे कवि रहने के साथ उन्होंने अनेक कालजयी रचनाएं लिखी। प्रधान मंत्री रहते हुए देश की उन्नति व प्रगति के लिए अतुलनीय योगदान दिए। उन्हीं के मार्गदर्शन को स्वीकार करते हुए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास उन्नति व प्रगति पर आज भारत देश उन्नति के पथ पर अग्रसर है। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष अशोक जैन ने सुशासन दिवस पर सभा को संबोधित करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन वृत्त का वर्णन किया और सुशासन के महत्व को व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा ने भी सभा को सम्बोधित करते हुए अटलजी के कर्मपथ पर अपने विचार रखे। मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी द्वारा आमंत्रित अतिथिगणों का स्वागत अभिनन्दन किया गया। आयोजन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय केशरवानी, टेसुलाल धुरंधर, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सुनीता वर्मा, अन्य जन प्रतिनिधि व नगर पालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, आदित्य गुप्ता, जितेंद्र डड़सेना, रेखा पोषण पटेल, ममता सुभाष राव, डिगेश्वरी नामदेव, शेखर गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि शशि भूषण शुक्ला, पोषण पटेल, पूर्व मंडी सचिव योगेश अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता भूपेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर, नरेश केशरवानी, नीलम सोनी, सरिता मार्के, राजनारायण केशरवानी, रजनी केशरवानी, कृष्णा सेन, राहुल सोनी, संजय श्रीवास सहित अन्य जनप्रतिनिधि व नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





### पलारी में पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी की जयंती मनी

**पलारी।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती भाजपा मंडल कार्यालय में मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा के नेतृत्व में मनायी गई, जहां पर पूर्व प्रधानमंत्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर देश के लिए दिए गए योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक रायपुर योगेश चंद्राकर, वरिष्ठ नेता विपिन बिहारी वर्मा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अजा मोर्चा दुर्गा महेश्वर, प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओमप्रकाश चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष नन्दकुमार वर्मा, जनपद अध्यक्ष सविता यादव, वरिष्ठ नेता रमेश धीवर, जिला आई टी सेल ▸▸ शेष पेज 13 पर



### देवसुंदरा में अटल जयंती मनी



**पलारी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत देवसुंदरा में भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती मनाई गई। इस दिन को सुशासन दिवस के रूप में भी जाता जाता है। कार्यक्रम में सरपंच अभिराम साहू ने बताया 25 दिसंबर 1924 को जन्मे बाजपेयी एक सम्मानित भारतीय राजनेता एवं दो बार के प्रधानमंत्री और भाजपा के नेता थे, देश के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवसुंदरा के सरपंच अभिराम साहू, डॉ. डागेश्वर वर्मा, रामखेलावन वर्मा, हुलास राम वर्मा, देवचरण साहू पंच, वरुण वर्मा उपसरपंच, बालमुकुंद यादव पंच, रामखिलावन यद्दु, पुरुषोत्तम वर्मा सचिव आदि उपस्थित थे।

### अटल जयंती पर मना सुशासन दिवस, बिलाईगढ़ को मिली विकास की सौगात

**बिलाईगढ़।** नगर में 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के रूप में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। नगर के अटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अटल जी के विचारों और सुशासन की परिकल्पना को स्मरण करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान शासन द्वारा बिलाईगढ़ नगर के समग्र विकास के लिए 150 लाख की स्वीकृति दिए जाने की घोषणा की गई, जिससे नगरवासियों में हर्ष और उत्साह का माहौल रहा। वक्ताओं ने कहा कि यह स्वीकृति अटलजी के विकासवादी सोच और सुशासन की भावना को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर पूर्व विधायक सनम जांगड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष सुभाष जालान, जिला महामंत्री द्वारिका साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष रामनारायण देवांगन, शनिराम साहू सहित अनेक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने अटल बिहारी बाजपेयी जी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



## मरार पटेल समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह 28 को

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रवान

छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 28 दिसंबर को शहीद स्मारक भवन रायपुर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रेमचंद पटेल, अतिविशिष्ट अतिथि छग गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, विशिष्ट अतिथि महासंघ अध्यक्ष बरत राम पटेल, संयोजक राजेन्द्र नायक पटेल, महासचिव प्रेमलाल पटेल, कोषाध्यक्ष गीताराम पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष आत्मनारायण पटेल, सुनील पटेल, सुरेंद्र पटेल, कविता पटेल नायब तहसीलदार, समाज सेवी आरती पटेल होंगे। अध्यक्षता प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नागेश्वर पटेल करेंगे। इस अवसर पर शिक्षा, खेल, कला, साहित्य, समाज सेवा आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सामाजिकजनों को उड़ान पुरस्कार एवं समाज गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने और समाज के प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से यह प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रेरक वक्ता जागेश्वर कौशल, गौतमचंद पाटिल, हरीश पाटिल, कौशलेंद्र पटेल, राजू पटेल,



केजाराम पटेल, डॉ. आरके तलवरे, डॉ. चंद्रकांत पटेल, राजेन्द्र पटेल, डॉ. चंद्रेशचंद्र पटेल, डॉ वर्षा पटेल, डी सी पटेल संचालक पटेल ट्यूटोरियल, मुरली मनोहर देवांगन संचालक थिंक आई ए एस अकादमी सहित अन्य वक्ताओं द्वारा कैरियर मार्गदर्शन दिया जाएगा। प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमृत पटेल सहित कर्मचारी प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों और उनके पालकों की उपस्थिति की अपील की है।

## संस्कृत शिक्षा पर मंडराते खतरे को लेकर शिक्षकों ने खोला मोर्चा



हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

छत्तीसगढ़ संस्कृत शिक्षक संघ ने प्रदेश में संस्कृत शिक्षा को अनिवार्य बनाने के लिए अपनी मुहिम तेज कर दी है। संघ के प्रदेश संचालक डॉ. कोमल वैष्णव के नेतृत्व में शिक्षकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व संस्कृत बोर्ड अध्यक्ष महंत डॉ. रामसुंदर दास महाराज से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

■ महंत रामसुंदर दास को सौंपा ज्ञापन

डॉ. वैष्णव ने बताया कि स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के विकल्प के कारण छात्र संस्कृत छोड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सही जानकारी के अभाव में बच्चों को मौखिक रूप से संस्कृत छोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जो कि देववाणी का अपमान है।

शिक्षकों ने हरियाणा राज्य का उदाहरण देते हुए मांग की कि छत्तीसगढ़ में भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम को सातवें विषय के रूप में रखा जाए, ताकि संस्कृत की अनिवार्यता बनी रहे। रायपुर में हुए विराट सम्मेलन में मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष द्वारा दिए गए आश्वासनों के बावजूद अब तक कोई आदेश जारी नहीं होने पर शिक्षकों ने निराशा व्यक्त की है। ज्ञापन लेने के बाद महंत डॉ. रामसुंदर दास ने इस विषय की गंभीरता को ▸▸ शेष पेज 13 पर

### राहगीरों को गले लगाकर क्रिसमस की बधाई

# कैरोल गायन कर मना क्रिसमस पर्व




हरिभूमि न्यूज ▸▸| लवन

क्रिसमस पर्व पर प्रभु यीशु मसीह का जन्मोत्सव पर उत्साह देखने को मिला। मसीही अनुयायियों द्वारा आयोजित भव्य क्रिसमस रैली के चलते मोहल्ले में उत्साह नजर आया। इस रैली का मुख्य उद्देश्य प्रभु यीशु के शांति, प्रेम और मानव कल्याण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। रैली का मुख्य आकर्षण मसीही अनुयायियों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न झांकियां रहीं। विशेष रूप से प्रभु यीशु के जीवन के क्षणों को दर्शाने वाली झांकी। रैली में शामिल लोग हाथों में प्रभु जन्मोत्सव के बधाई संदेशों वाली पट्टिकाएं लिए हुए थे। इस दौरान मसीही अनुयायियों के लोगों ने राहगीरों को गले लगाकर क्रिसमस की बधाई देकर भाई चारे का धार्मिक संदेश दिया। ▸▸ शेष पेज 13 पर





## खबर संक्षेप



### साहित्यकार विनोद शुक्ल को दी गई श्रद्धांजलि

**महासमुंद।** ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत, प्रख्यात साहित्यकार विनोद शुक्ल के निधन पर स्थानीय साहित्य समिति आस्था ने गहरा शोक प्रकट कर श्रद्घांजलि अर्पित की। संवेदना व्यक्त करते हुए समिति अध्यक्ष आनंद तिवारी पौराणिक ने कहा कि वे साहित्य जगत में अमूल्य योगदान के लिए सदैव याद किए जाएंगे। पचास वर्षों के लेखन कार्य में उन्हें पचास से भी अधिक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए। उनकी प्रमुख कृतियां लगभग जयहिंद, सब कुछ होना बचा रहेगा, अतिरिक्त नहीं, पचास कविताएं व कभी के बाद अभी आदि है। उन्हें वर्ष 2024 में अमेरिका का अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी मिला। समिति के सदस्यों एस चंद्रसेन, डॉ. साधना कसार, सरिता तिवारी, सुरेंद्र अग्निहोत्री, केआर चंद्राकर, एसआर बंजारे, टेकराम सेन, सुजाता विश्वनाथन व उत्तरा विदानी ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।



### खरोरा में माता तुलसी की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में माता तुलसी की जयंती पर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान फुलेश्वरी चंद्राकर ने कहा कि हर साल 25 दिसम्बर को माता तुलसी की जयंती को पूजन दिवस के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में तुलसी को सबसे पवित्र पौधा माना गया है। तुलसी से जुड़ी अनेक कथाएं भी हमारे पुराणों में मिलती है। तुलसी का महत्व हम उसी बात से समझ सकते हैं कि बिना तुलसी के पत्तों के भगवान विष्णु और कृष्ण को भोग नहीं लगाया जाता। माता तुलसी की पूजा करने से जीवन में सुख-समृद्धि बनी रहती है।



### सती जन्म उत्सव की कथा सुनाई

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव में आयोजित शिव महापुराण कथा में तीसरे दिन सती जन्म उत्सव कथा सुनाई गई। कथा वाचक पं. कमलेश दुबे ने कहा कि शिव की शांति से सारे संसार का पालन एवं कल्याण निहित है। प्रकृति एवं स्त्रियों का सम्मान करना चाहिए। कथा के चौथे दिन कथावाचक ने मानव धर्म में दया, विनय एवं सरल सहज का बखान किया। उन्होंने भोलेनाथ की असली भक्ति धर्म शास्त्रों में सभी जीवों की दयाभाव को धर्म का मूल बताया। आयोजक मीना शर्मा, सुनील शर्मा, उमा शर्मा व अनिल शर्मा हैं। उक्त जानकारी कृष्ण कुमार साहू ने दी है।

## अनदेखी : अवैध बिक्री स्थलों तक बेधड़क शराब पहुंचा रहे कोचिए

# पिथौरा क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री जोरों पर, विभागीय कार्रवाई शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा (ग्रामीण)

थाना क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री

■ होटल एवं ढाबों में खुलेआम परोसी जा रही अंग्रेजी शराब







धड़ल्ले से फल-फूल रही है। नगर व आसपास के अवैध चखना दुकान, होटल एवं ढाबों में देशी व अंग्रेजी शराब खुलेआम परोसी जा रही है। पिथौरा स्थित देशी-विदेशी मदिरा दुकान से शराब कोचिए बोरी व झोले में भरकर ढाबों और अन्य ठिकानों तक सप्लाई कर रहे हैं। जानकारी अनुसार ये कोचिए प्रति पौवा 10 रुपए अतिरिक्त कमीशन लेकर अवैध बिक्री स्थलों तक शराब बेधड़क पहुंचा देते हैं।

गौरतलब है कि नियमों के अनुसार मदिरा दुकान से एक व्यक्ति दिनभर में 24 पौवा शराब ही खरीद सकता है, लेकिन यहां किसी प्रकार की सीमा का पालन नहीं हो रहा है। लोग बोरी भरकर शराब ले जाते नजर आ रहे हैं। ढाबा संचालकों ने शराब लाने-ले जाने के लिए अलग से लड़के तक रखे हुए हैं, जो नियमित रूप से मदिरा दुकान से ढाबों तक सप्लाई करते हैं। बताया जा रहा है कि यदि मदिरा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की गंभीरता से जांच की जाए, तो शराब कोचियों की पहचान आसानी से हो सकती है, क्योंकि ये लोग प्रतिदिन झोले और बोरे में शराब लेने पहुंचते हैं। उल्लेखनीय है कि विगत वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ कई बार थाना व आबकारी विभाग को ज्ञापन सौंपे हैं। बावजूद इसके कार्रवाई के नाम पर केवल खानापूर्ति होती रही, जिससे सबसे अधिक परेशान महिला वर्ग है। इस संबंध में कंपोजिट मदिरा दुकान पिथौरा के सुपरवाइजर नारायण निषाद ने बताया कि नियमानुसार एक व्यक्ति को दिनभर में 24 क्वाटर शराब देने का प्रावधान है, लेकिन वे 20 क्वाटर तक ही शराब देते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि दुकान में सीसीटीवी कैमरे चालू अवस्था में हैं। वहीं आबकारी अधिकारी पिथौरा नीरज साहू ने कहा कि मदिरा दुकान से एक व्यक्ति को 24 पौवा शराब देने का नियम है और दुकान में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। ढाबों में अवैध शराब बिक्री की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## जगदीशपुर में श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

जगदीशपुर स्थित बेतेल मेनोनाइट चर्च में क्रिसमस का पावन पर्व पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्तिमय वातावरण के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चर्च परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई। कार्यक्रम का संचालन डिकन अय्यूब दीप द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से आगे बढ़ाया। इस अवसर पर चर्च के स्थानीय पासवान रेव्ह. नवीन रनबीड़ा ने क्रिसमस पर्व पर उपदेश देते हुए प्रभु यीशु मसीह के जन्म का संदेश साझा किया।

कार्यक्रम के दौरान बाइबल वचन का पाठ यशु दास द्वारा किया गया, जिसमें बाइबल के लूका रचित सुसमाचार अध्याय 19 का 10वां पद पढ़ा गया। वहीं बाइबल वचन का पाठ के लिए श्रीमती चांदू द्वारा प्रार्थना किया गया। अपने उपदेश में रेव्ह. नवीन रनबीड़ा ने कहा कि इस संसार में प्रभु यशु मसीह के आने का उद्देश्य को बाइबल के वचनों से ले कर बताया।

इस अवसर पर युवाओं, जवान सभा एवं महिला सभा द्वारा क्रिसमस गीत प्रस्तुत किए गए। एवं बच्चों के आशीष एवं बस्तिस्मा दिलाया गया,कार्यक्रम के अंत में सामूहिक प्रार्थना की गई। इस आयोजन में मसीही समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं युवा उपस्थित रहे। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण, अनुशासित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण रहा।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

नगर पालिका में आयोजित छत्तीसगढ़ निर्माता, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर मनाए जाने वाले सुशासन दिवस के कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया सम्मिलित हुई। वहीं घंटेश्वरी मंदिर के पास स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। इस अवसर पर सरला कोसरिया ने कहा कि आज 25 दिसंबर को अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। उनका नाम जेहन में आते ही उनके प्रति लोगों का मन श्रद्धा से भर जाता है। अटल राजनैतिक क्षेत्र में नैतिकता, शुचिता, गरिमा और मर्यादा के पक्षधर थे। जनसंघ से चुनकर संसद पहुंचने वाले वे सबसे कम उम्र के युवा सांसद थे। अपनी प्रतिभा, शालीनता तथा वक्तृत्व शैली से उन्होंने संसद में अमिट छाप छोड़ी।



अटल के जीवन की शुरुआत एक पत्रकार के रूप में हुई और कालांतर में लेखक, कवि एवं साहित्यकार के रूप में वे ख्याति अर्जित करते गए। जनसंघ के संस्थापक सदस्य, कई बार सांसद, विदेश मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा संसदीय दल के नेता, लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता, 3 बार देश के प्रधानमंत्री रहे अटल बिहारी वाजपेयी सच्चे अर्थों में साधुमना जननेता थे। इतने बड़े-बड़े पदों को सुशोभित करने के बावजूद उन्होंने अहंकार को अपने पास भटकने नहीं दिया। पद का मद कभी उनके सिर पर सवार नहीं हो पाया। राजनीति की काजल-कोठरी में अटल पर एक भी दाग उनके सम्पूर्ण जीवन में नहीं लगा।

## बाबा का विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की देता है प्रेरणा : त्रिभुवन महिलांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम कुकराडीह-तेंदूवाही में गुरु घासीदास बाबा की 269वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व समाज प्रमुख त्रिभुवन महिलांग थे। अतिथियों के ग्राम आगमन पर बाजे-गाजे व फूल मालाओं से मंच तक स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जैत खांभ में पालो चढ़ाकर व पूजा अर्चना कर किया गया। महिलांग ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा गुरु घासीदास ने "मनखे-मनखे एक समान" का अमर संदेश देकर पूरी मानवजाति को सामाजिक समरसता, समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया। उनका विचार आज भी समाज को जोड़ने और भेदभाव रहित व्यवस्था की प्रेरणा देता है।उन्होंने आगे कहा कि साधु-संत-महापुरुष भले ही किसी जाति धर्म में जन्म ले सकते हैं। लेकिन, उनका उपदेश और संदेश संपूर्ण मानव समाज के लिए होता है। आज हम सबको हमारे संतों और महापुरुषों के बताए मार्गों का अनुसरण करना आवश्यक है। जिससे हम एक सशक्त विकसित संगठित समाज का निर्माण कर सकें। और सम्मान पूर्वक जीवन जी



सकें। महिलांग ने कहा कि आज ग्रामों में मानव-मानव एक समान की झलक जयंती कार्यक्रमों में देखने को मिल रही है। जहां सर्व समाज के लोग एक साथ गांवों में मिलकर जयंती पर्व बड़े उत्साह के साथ मना रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि गुरु घासीदास बाबा का जन्म ऐसे समय हुआ जब समाज में छुआछूत, भेदभाव, अंधविश्वास, आर्थिक, सामाजिक, विषमता व्याप्त था। उन्होंने समाज में मानवता का संदेश देते हुए सामाजिक समरसता का संदेश दिया। और मनखे-मनखे एक समान, सभी मानव हम सब बराबर हैं का संदेश दिया। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, दिलीप मनहरे व सुशील बघेल (भीम आर्मी), सरपंच मिथलेश्वरी जोगी, भारत जोगी व उप सरपंच चन्द्रकुमार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर बुधु मारकंडे, गौतम, नीलकंठ बंजारे, बेदराम बांधे, हरिचंद पात्रे, महेन्द्र बांधे, क्रांति योगी, इसु बघेल, रंजीत बघेल, शंकर भारती, परमानंद बंजारे, लक्ष्मण, कन्हैया साहू, डेरहू साहू, आकाश बांधे, तुलेश बंजारे, कुंवर लाल सोनवानी, कुमार डहरिया, लोकनाथ कुर्रे, देवाल दास व सर्व सतनामी समाज कुकराडीह-तेंदूवाही सहित आसपास के ग्रामीण उपस्थित थे।

## नपाध्यक्ष ने किया भोरिंग में क्रिकेट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम भोरिंग में मुस्कान क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामीणों के तत्वावधान में 5 दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ 24 दिसंबर को मुख्य अतिथि महासमुंद नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। साहू ने बल्लेबाजी कर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं से युवाओं मे खेल के प्रति रुचि बढ़ती है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्र से प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से खेल को केवल खेल भावना से खेलने की बात कही। इस अवसर पर उपसरपंच भोरिंग भेखराम साहू, खैरझिटी सरपंच रामेश्वरी साहू, अछोला सरपंच संतोष साहू, राजेश साहू पूर्व जनपद सदस्य, ललित साहू, पंच वेदप्रकाश साहू, अभिषेक नेहरू, शिशुपाल बर्मन, कुंदन साहू, पुष्पेंद्र साहू, ओंकार साहू, मानिक, देवेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी, आयोजन समिति के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## दिव्यांग महेश का आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के विकासखंड पिथौरा अंतर्गत ग्राम पंडरीखार निवासी महेश राम टंडन 45 वर्ष की आयु में 80 प्रतिशत अस्थि बाधित दिव्यांग हैं। दिव्यांगता के कारण उन्हें कहीं भी नियमित काम नहीं मिल पा रहा था, जिससे परिवार के भरण-पोषण में गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। सीमित साधनों और आवागमन की समस्या के कारण उनकी आजीविका के विकल्प भी बहुत कम थे।

महेश राम टंडने बताते है कि ऐसे समय में समाज कल्याण विभाग द्वारा उन्हें मोटराइज्ड ट्रायसायकल प्रदान की गई। यह साधन उनके जीवन में बदलाव का माध्यम बना। मोटराइज्ड ट्रायसायकल मिलने के बाद उनके लिए आने-जाने की समस्या काफी हद तक समाप्त हो गई। अब वे आसानी से बाजार जाकर किराना सामान ला सकते हैं और अपने घर पर ही छोटी दुकान के रूप में बिक्री करने लगे हैं। इससे उनकी आमदनी में निरंतर वृद्धि हुई है। नियमित आय होने से न केवल उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बल्कि आत्मविश्वास भी बढ़ा है। आज महेश राम टंडन अपने परिवार का भरण-पोषण सम्मानपूर्वक कर रहे हैं और आत्मनिर्भर नागरिक के रूप में पहचान बना चुके हैं। इस सहायता ने उन्हें नई दिशा दी है और आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाया है। इसके लिए उन्होंने राज्य शासन एवं जिला प्रशासन तथा समाज कल्याण विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया है।



## भाजपा के सुशासन की सरकार में धधक रहा छत्तीसगढ़ : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



■ प्रदेश में कानून व्यवस्था बदहाल, अपराध का गढ़ बन गया

पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा के कथित सुशासन की सरकार में आज छत्तीसगढ़ धधक रहा है। छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है। पिछले 2 साल के कार्यकाल में ही भाजपा ने राज्य को पूरी तरह उद्योगपतियों के हवाले कर दिया है। स्थानीय युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, जिससे युवा वर्ग हताश व निराश होकर अपराध की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश में नशे का अवैध कारोबार चरम पर है। राजधानी में ड्रग्स माफिया सक्रिय हो गए हैं। धर्मांतरण के नाम प्रदेश जल रहा है, हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ जैसी घटनाएं हो रही है, और इन घटनाओं पर अंकुश लगा पाने में साय सरकार पूरी तरह विफल साबित हो हुई है। छत्तीसगढ़ पूरी तरह अपराध का गढ़ बनकर रह गया है। पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने ही अधिकारों से वंचित किया जा रहा है। पढ़ाई से लेकर नौकरी तक छत्तीसगढ़ियों के हक पर डाका डाला जा रहा है। मेडिकल कॉलेजों में पहले से ही अखिल भारतीय कोटा के तहत सीटे आरक्षित रहती है। लेकिन, अब राज्य के आरक्षित कोटे में कटौती कर आउट सोर्सिंग के माध्यम से एमबीबीएस सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा, जो स्थानीय युवाओं के अधिकारों का हनन है। चंद्राकर ने कहा कि आज हर क्षेत्र में भाजपा सरकार छत्तीसगढ़ियों के हक व अधिकार छीनकर बाहरी लोगों को लाभ पहुंचा रही है।

## यादव ठेठवार समाज की बैठक में पदाधिकारियों का हुआ चयन



**महासमुंद।** नगर यादव (ठेठवार) समाज की बैठक सामाजिक भवन पिटियाझर में हुई। जिसमें सर्वसहमति से यादव समाज महासमुंद नगर के नवनियुक्ति पदाधिकारी का चयन किया गया है। इसमें अध्यक्ष प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष माखन लाल यादव, कोषाध्यक्ष रामप्रसाद यादव, सचिव दीपक यादव, सहसचिव नमन यादव शामिल है। इसी तरह युवा प्रकोष्ठ पदाधिकारियों में अध्यक्ष मनोज यादव, उपाध्यक्ष दुर्गेश यादव, कोषाध्यक्ष लव यादव, सचिव रोशन यादव, सहसचिव मयंक यादव शामिल है।



### नवागांव कला में हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**महासमुंद।** खल्लारी विधानसभा अंतर्गत ग्राम नवागांव कला (भुरकोनी) में आयोजित क्रिकेट फाइनल मैच उत्साह, खेल भावना और जनभागीदारी के साथ सफलतापूर्वक हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। अध्यक्षता सरपंच सेत कुमारी देवनारायण चक्रधारी ने की। विशेष अतिथि ग्राम अध्यक्ष गेंदराम पटेल, पंचायत सचिव कलेश महेश्वरी, आत्मा राम ठाकुर, उपसरपंच डॉ. ललित यादव, ग्राम प्रमुख टीकेराम सिन्हा, डंकराम यादव, दियादराम पटेल, मोरध्वज सिन्हा रहे। फाइनल मुकाबले में प्रथम फिरंगी, द्वितीय बगारपाली रहे। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## 29 से तीन दिवसीय कर्मचारी-अधिकारियों का जंगी प्रदर्शन

**महासमुंद।** कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर मोदी की गारंटी लागू करो के तहत कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन द्वारा महंगाई भत्ता सहित अन्य 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 29, 30 एवं 31 दिसंबर को निश्चितकालीन आंदोलन का ऐलान किया गया है। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन ने बताया कि मोदी की गारंटी में कर्मचारी अधिकारियों के लिए बहुत सारी घोषणाएं की गई थी, लेकिन आज कर्मचारियों को महंगाई भत्ता जैसे मूलभूत अधिकार के लिए सड़क पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि तत्संबंध में जुलाई में आंदोलन के प्रथम चरण में सभी जिला मुख्यालयों में ज्ञापन सौंपा गया। दूसरे चरण में 22 अगस्त को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। अन्य तीसरे चरण में डीए सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय समयमान, लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगति दूर करते हुए पिंगुवा कमेटी सार्वजनिकीकरण, सहायक शिक्षकों एवं पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतन, समयबद्घ पदोन्नति, अर्जित अवकाश नगदीकरण 300 दिन किया जाए, दैनिक अनियमित एवं संविदा कर्मचारियों को



नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। फेडरेशन के महामंत्री दिलीप तिवारी ने कहा कि शासन द्वारा लगातार कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी के लिए यह निर्णायक लड़ाई है। अतः सभी कर्मचारी अधिकारी एकजुटता के साथ अवकाश आवेदन प्रस्तुत कर फेडरेशन की आंदोलन में सहभागी बने। पदाधिकारियों का लगातार कार्यालय संपर्क जारी है। कर्मचारियों के मन में शासन के प्रति घोर आक्रोश व्याप्त हो चुका है। तत्संबंध में रणनीति के लिए बैठकों का दौर भी जारी है। सभी कर्मचारी संगठनों का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है एवं आंदोलन की रणनीति बनाई जा रही है। 29, 30 एवं 31 दिसंबर आंदोलन के लिए कर्मचारी नेता प्रमोद तिवारी, उमेश भारती गोस्वामी, अशोक गिरि गोस्वामी, डॉ. रामकुमार चंद्राकर, कमलेश ध्रुव, एसपी ध्रुव, शिव कुमार साहू, अरुण कुमार प्रधान, मनीष ठाकुर, सिराज बक्श, राकेश थवाईत, दीपक तिवारी, ओमनारायण शर्मा, ईश्वर चंद्राकर, राजेश शर्मा, कमल यादव, उमेश साहू, मिलाप यादव, संदीप तिवारी, रामनारायण चंद्राकर, चिन्ताराम साहू, अविनाश लाल, हेमेंद्र आचार्य, विष्णु यादव, दिनेश प्रधान सहित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक टेकराम सेन, महामंत्री दिलीप तिवारी ने कर्मचारियों से अपील की है कि संगठन शक्ति का परिचय देते हुए सरकार के वादा खिलाफी के लिए आवाज बुलंद करें। उक्त जानकारी कर्मचारी नेता संदीप तिवारी एवं दीपक तिवारी ने दी है।

## खबर संक्षेप

### बाइक की डिग्गी से 35 हजार की चोरी

**महासमुंद।** छुईपाली के मेडिकल स्टोर्स के पास एक बाइक की डिग्गी में रखे 35 हजार रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर लिए। मामले की रिपोर्ट पर सिंघोड़ा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी कौशल चिरकिया निवासी लखनपुर ने बताया कि 23 दिसंबर को वह अपनी दादी निरवासी चिरकिया के साथ जिला सहकारी बैंक सरायपाली गया था और बैंक से 35000 रुपए निकालकर कपड़े के थैले में दो पासबुक, दो आधार कार्ड, एक कीपैड मोबाईल, जमीन का पट्टा और 35000 रुपए को रखकर बाइककी डिग्गी में डालकर वापस लखनपुर वापस आ रहे थे। इसी बीच दवाई लेने के लिए छुईपाली के श्याम मेडिकल के पास रूके। दवाई लेकर वापस आये और सिंघोड़ा ग्रामीण बैंक आकर देखने पर डिग्गी में रखा उक्त सामान व रकम का थैला नहीं था।

### महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष बनीं सोनम

**महासमुंद।** छग महिला कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष फूलोदेवी नेताम ने प्रदेश के सभी जिलों में नियुक्तियां करते हुए जिला में सोनम बंसोड़ को महिला कांग्रेस का शहर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। नियुक्ति पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस पार्टी के सिद्धांतों एवं नीतियों पर चलते हुए पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही संगठन के माध्यम से महिलाओं के हितों के लिये हमेशा संघर्षरत रहने एवं समय-समय पर अपने गतिविधियों की जानकारी प्रदेश महिला कांग्रेस को अवगत कराएंगे।

### कलेक्टर से पूर्व सैनिक संगठन ने की मुलाकात

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा स्थित शहीद स्मारक के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मुलाकात की। अध्यक्ष युवराज ने बताया कि शहीद स्मारक खरोरा तलाब के पीछे सौंदर्यीकरण के लिए शहीद स्मारक में कुछ कार्य करने के लिए बारे में चर्चा की गई।

# धान खरीदी में लोचा, किसान टोकन के लिए भटक रहे : विधायक इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रदेश सरकार सुशासन सप्ताह, प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाकर अपनी ही किरकिरी कर रही है। आज गांव के किसान अपनी फसल के लिए टोकन के लिए भटक रहे हैं, तो फिर ये कैसा सुशासन है। उक्त बातें विधायक इंद्र साव ने ग्राम निपनिया में आयोजित शिविर में कही।

विधायक इंद्र साव ने प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन सप्ताह पर तंज कसते हुए कहा कि अगर सरकार और उसके नुमाइंदे सही में ग्रामीणों, किसानों, छात्रों का हित चाहते हुए कार्य करती तो इस प्रकार के आयोजन की जरूरत ही नहीं पड़ती।

## सुशासन सप्ताह से आम लोगों को कोई फायदा नहीं



### कोई कार्यवाही ही नहीं कर रही सरकार

विधायक इंद्र साव ने कहा कि प्रदेश में पूर्ववर्ती भूपेश सरकार की योजना और स्वीकृत कार्य ही वर्तमान में दिखाई दे रही हैं। चाहे हो रोड निर्माण हो,भवन निर्माण हो, नल जल योजना हो सब भूपेश सरकार के द्वारा स्वीकृत कार्य चल रहे हैं। विधायक साव ने कहा कि गांव-गांव में बिछाई जा रही पाइप लाइन का ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया। उस पर कोई कार्यवाही ही नहीं कर रही है।

सरकार के 2 साल के कार्यकाल में ऐसे कोई उपलब्धि नहीं हुई की आम लोगों को बात सके गिनवा सके।आज प्रदेश के किसान अपनी फसल की बेचने टोकन का इंतजार कर रहे है। टोकन के चक्कर में किसानों को इतना भटकना पड़ रहा है कि जिसकी वे कल्पना भी नहीं किए थे।

गांव के विकास के लिए आने 15 वे वित्त की राशि पंचायतों को जारी ही नहीं की गई है और ये सुशासन की बात किसानों, ग्रामीणों के साथ सीधा धोखा है। इस अवसर पर निपनिया सरपंच नरेश नेताम, विधायक प्रतिनिधि जीतू ठाकुर, दिनेश तिवारी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## शिविर : सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शिविर का हुआ आयोजन

# सुशासन सप्ताह में मिले 175 आवेदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन सप्ताह प्रशासन गाँव कोई ओर के अंतर्गत कलेक्टर जिला बलौदाबाजार-भाटापारा के निर्देशानुसार नगरपालिका द्वारा 24 दिसंबर को नगर भवन में सुशासन सप्ताह के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक जैन अध्यक्ष नगरपालिका के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया व छत्तीसगढ़ महतारी की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा नगरपालिका के उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, सभापति पार्षद हरजीत सिंह सलूजा, सतीश पटेल, जितेंद्र डड़सेना, शेखर गुप्ता, सुरेश घृतलहरे, अमितेष नेताम पार्षद प्रतिनिधि रविन्द्र नामदेव, एवं जनप्रतिनिधियों व नागरिक गणों की उपस्थिति में नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा नशा मुक्ति का शपथ दिलाई गई व अपने अपने विचारों से सम्बोधित किया गया।

विभिन्न विभागों के द्वारा शिकायतों का निराकरण करते हुए आवेदन पत्र प्राप्त किया गया जिसमे शिविर स्थल पर लगाए गए शिकायत व निराकरण के अंतर्गत मांग में 173, शिकायत के 02, कुल 175 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 122 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया,मुख्य नगरपालिका अधिकारी आशीष तिवारी ने प्राप्त आवेदनों की जानकारी शासन को प्रेषित की गई है, आवेदनों के प्रकृति अनुरूप निराकृत किये जाने की जानकारी दी गई, इस दौरान हितग्राहियों को राशनकार्ड का वितरण भी किया गया। आयोजन के अवसर पर नगरपालिका सहित श्रम विभाग, खाद्य शाखा, समाज कल्याण विभाग, विद्युत विभाग, पशुधन विकास, आधार पंजीयन, के स्टाल लगा कर आवेदन पत्र प्राप्त किये गए।

## 87 लोगों की समस्याओं का समाधान



**भाटापारा।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस पर नगर पालिका परिषद द्वारा सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर अभियान के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुआ।शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को सीधे आम जनता तक पहुंचाना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण करना रहा। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत चयनित 62 हितग्राहियों, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के 5 हिताग्रहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया तथा 20 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, पेंशन योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी गई।नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने स्वयं उपस्थित होकर नागरिकों के आवेदन प्राप्त किए और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों एवं मांगों पर अविलंब कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा अटल जी का सपना था कि विकास की धारा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सुशासन का अर्थ ही जनता के प्रति जवाबदेही और पारदर्शिता है। इसी भावना के साथ हम इस शिविर के माध्यम से वार्डों और मोहल्लों तक पहुंच रहे हैं।शिविर में नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, भाजपा नेता राकेश तिवारी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश रात्रे, भाजपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल, सभापति गोविंद पटेल, सतीश तलरेजा, दीपा दशरथ साहू तथा पार्षद उमाशंकर वर्मा, सुरेश मंधान, सतीश साहू, पार्षद प्रतिनिधि गोवर्धन डहरिया, लिकेश साहू, शुभम ठाकुर मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान राजस्व अधिकारी अजय नायडू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

## दुग्ध कंपनी के खिलाफ यादव समाज का हल्लाबोल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

प्रसिद्ध दूध निमार्ता कंपनी द्वारा दूध उत्पादक गौ पालकों एवं गौ सेवकों द्वारा कथक परिश्रम के पश्चात लोगों को सहजता से पौष्टिक दूध जैसे पेय पदार्थ उपलब्ध कराने व उनके विक्रय प्रक्रिया की आलोचना करते हुए भ्रांतियां फैलाकर पत्रिका बांटी जा रही थी। इसके विरोध में भाटापारा में हजारों की संख्या में यादव समाज के लोगों ने मोर्चा खोलते हुए नाराजगी व्यक्त की और प्रदर्शन किया। मांग के समर्थन में एक विशाल रैली बाल मंदिर परिसर साहड़ा देव स्थल से एक विशाल रैली निकाली गई। यह रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए एसडीएम दफ्तर पहुंचकर एसडीएम श्यामा पटेल को सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु, महामंत्री सुरेश यदु, तहसील अध्यक्ष भीखम यदु, सचिन सुखदेव यदु, संतोष यादव ,एमएल यादव, इंद्रजीत यदु, चंद्रकांत यदु सहित हजारों की संख्या में उपस्थित यादव लोगो ने ज्ञापन सौंपा। उक्त अवसर पर कैलाश यदु, सनत यदु, रामेश्वर यदु, रेशम यदु, तरूण यादव, सुनील यदु, गिरधारी यादव, परमेश्वर यदु, सुरेश यादव, रोशन यादव, संजय यादव, हीरामणि यदु, धनु यादव, रोशन यदु, माखन यादव के अलावा ग्राम रोहरा, तरेंगा, सेमरिया, मुढीपार, गोढही, भाटापारा, लटवा, पासीद, सुरजपुरा, तदरेंगी, बीजाभाटा, लालपुर, रामपुर, कोनी, कोदवा, बंजर, सिमगा, बोरसी, बिजराडीह, मटिया, सिनोधा, गोरदी, तुरमा, मांचाभाट, बलौदाबाजार, डोंगरिया, मोहभट्ठा, खम्हरिया, अर्जुनी, गैतरा, करमदा, मोपर, मल्दी, जेठानी, आमाकोनी, टेकारी, जरौद, अमेठी, पौंसरी, अकलतरा, धुर्राबांधा, सिंगारपुर, कड़ार सहित अन्य गांव के हजारों गौ पालक बड़ी तादाद में शामिल हुए।

■ हजारों की संख्या में सड़कों पर उतरे गौ-पालक

## पेज 11 के शेष

### पलारी में पूर्व

नेतरंजन निर्मलकर, प्रदेश किसान मोर्चा मीडिया प्रभारी धीरज मिश्रा, उपाध्यक्ष तुलसीराम डहरिया, कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा, अध्यक्ष भाजयुमो भोला वर्मा, जिला अध्यक्ष अजजा मोर्चा रवि ध्रुव, वरिष्ठ नेता हेमंत वर्मा,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भीमलाल यादव, पार्षद खेलन बाई वर्मा, अध्यक्ष भाजयुमो सनकुमार साहू, पिकेन्द्र साय, गोविंद वर्मा, पवन बघेल, राजेन्द्र साहू, मनोज वर्मा, रामदयाल जयसवाल, जितेंद्र देवांगन, गोविंद जायसवाल, तुकाराम वर्मा, कृष्णा देवांगन, मोनू निर्मलकर, प्रकाश कन्नौजे सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### संस्कृत शिक्षा पर ...

समझते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर संस्कृत शिक्षा को अनिवार्य कराने की बात कही है। इस अवसर पर राजेश तिवारी, गंगा राम पैकरा, देवेश वर्मा, महेंद्र वैष्णव, तरुण साहू, दौलतराम साहू और नोयन बुडेक सहित कई संस्कृत शिक्षक उपस्थित थे।

### भाजपा राष्ट्रीय कार्यकार...

विश्वास जताया कि नितिन नबीन की नियुक्ति से न केवल संगठन को मजबूती मिलेगी, बल्कि समाज के विभिन्न वर्गों, विशेषकर जैन समाज को भी उनके मार्गदर्शन का लाभ मिलेगा।

### कैरोल गायन से ...

उत्सव का आनंद तब दोगुना हो गया जब शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर कैरोल सिंगिंग हुई। मधुर भजनों के जरिए वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। रैली के दौरान वक्ताओं ने कहा कि क्रिसमस केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि मानवता की सेवा और प्रेम का प्रतीक है। मसीही अनुयायियों ने सामूहिक प्रार्थना कर देश और दुनिया में शांति व खुशहाली की कामना की। इस आयोजन में भारी संख्या में महिला-पुरुष और बच्चों ने भाग लेकर प्रभु के आगमन की खुशी साझा की।

## संघ शताब्दी वर्ष में गृह संपर्क अभियान : अलका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष के अवसर पर सामाजिक एकता और राष्ट्रीय पुनर्जागरण का लक्ष्य लेकर गृह संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। उक्त बातें अलका चंद्राकर ने कही। खल्लारी विधानसभा के विभिन्न गांव बागबाहरा, घुंचापाली, तेंदूकोना, मुनगासेर, सुखरीडबरी, खुर्सीपार, देवरी, पटेरापाली, बीकेबाहरा, भानपुर आदि गांव में कार्यकर्ताओं के साथ घर-घर जाकर आरएसएस के स्थापना कार्य राष्ट्रीय दायित्व के बारे में बताया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्देश्य राष्ट्र प्रथम है तेरा वैभव अमर रहे मां हम दिन चार रहे या ना रहे प्रमुख है। संघ की पुस्तक साहित्य भेंट की जा रही है। गत 100 वर्षों से यह महायज्ञ अनवरत चल रहा है। संपूर्ण समाज को संगठित कर देश के सामने आने वाली सभी समस्याओं व चुनौती का समाधान करना, समाज में स्थाई परिवर्तन लाने के लिए समाज की व्यवस्थाओं को युग अनुकूल बनाना है।

इस अवसर पर दुर्गा वस्त्रकार, अनिल चंद्राकर, विनोद यादव, जाह्नवी साहू, डिंपल ध्रुव, सविता दीवान, लोकेश पनोरिया, रूपेश साहू, पीलेश्वर पटेल,

# गुरु घासीदास जयंती पर 25 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

बाबा गुरु घासीदास की जयंती पर ग्राम भिनोदा में मानव सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए रक्तदान महादान की भावना के साथ रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 24 दिसंबर को आयोजित इस शिविर ने सेवा, समर्पण और मानवीय संवेदना का ऐसा संदेश दिया, जो लंबे समय तक समाज को प्रेरित करता रहेगा। इस रक्तदान शिविर में ग्राम भिनोदा सहित आसपास के गांवों के कुल 25 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने भाग लिया। रक्तदाताओं के चेहरों पर झलकता संतोष इस बात का सशक्त प्रमाण था कि किसी अनजान जीवन को बचाने का भाव ही सबसे बड़ा पुण्य और सच्ची मानवता है।

आयोजन ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि सामाजिक जागरूकता, आपसी एकता और संवेदनशील सोच से ही एक सशक्त और समरस समाज का निर्माण संभव है। रक्तदान करने वालों में ब्रिज किशोर अजगल्ले सरपंच, संदीप टंडन शिक्षक, फिरतुराम जांगड़े, गजेंद्र बंजारे, कामदेव अनंत, सोमनाथ भारद्वाज, तिलेन्दर अजय, भानु प्रताप अनंत, सहदेव कुमार अजगल्ले, जवाहिर लहरे, अमितेश बंजारे, राहुल बंजारे, प्रदीप सोनी, टेकराम सोनवानी पंच, चित्रसेन घृतलाहरे, तरुण सोनी रोजगार सहायक, दूधराम



### भिनोदा में जयंती समारोह बना शिक्षा महोत्सव



**गोपालपुर।** ग्राम पंचायत भिनोदा में आयोजित जयंती समारोह इस वर्ष केवल परंपरागत श्रद्धा और स्मरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह आयोजन शिक्षा, संस्कार और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणास्रोत महोत्सव बनकर उभरा। गांव के नवयुवकों ने जिस सोच और संवेदनशीलता के साथ इस कार्यक्रम को आकार दिया, उसने पूरे क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा का विषय बना दिया है।समारोह के दौरान शासकीय विद्यालय भिनोदा में कक्षा 1 से 8वीं तक के पिछले शैक्षणिक सत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर नकद प्रोत्साहन राशि, सम्मानपूर्वक प्रशस्ति पत्र तथा दैनिक उपयोग में आने वाला पेयजल थर्मस प्रदान किया गया। इस सराहनीय पहल के पीछे गोपी अजय, जवाहर लहरे, रविंद्रनाथ निराला, नीलेश सोनवानी, पारस जांगड़े एवं हरीश निराला जैसे युवाओं की सामूहिक सोच, परिश्रम और सामाजिक समर्पण रहा।

### सेल में गुरु घासीदास जयंती 28 को

**सेल।** ग्राम पंचायत सेल में 28 दिसंबर को गुरु घासीदास जयंती मनायी जाएगी। दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकाला जाएगा। पवित्र जैतखाम में शाम 5 बजे पालो चढ़ाया जाएगा उसके बाद शाम 5 बजे पंथी पार्टी कार्यक्रम होगा। शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम लोककला मंच शिक्षा हे जिंदगी के आधार कार्यक्रम स्थल सड़कपारा सेल जिसके मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू, विशिष्ट अतिथि पीयूष आर्यन सरपंच ग्राम पंचायत सेल। बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे अध्यक्षता करेगें। प्रेमलता वैष्णव जिला पंचायत सभापति डॉ. रवि अजगल्ले बीएमओ ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी कसडोल।चोवाराम टंडन राज महंत शिवचरण साय सेवानिवृत शिक्षक मोहन पुरेना प्रदेश सदस्य, निलूराज साहू जनपद सदस्य सेल, कार्तिकराम बंजारे सरपंच ग्राम पंचायत पिसीद, बद्री प्रसाद टंडन सरपंच ग्राम पंचायत मटिया, सुरेंद्र दिव्यकार संचालक आद्या हॉस्पिटल कसडोल, पुलस्त कुमार घृतलहरे, राजमहंत नकुल प्रसाद बांधे, कोषाध्यक्ष कसडोल ब्लॉक ईकाई वकील, गौरीदेवी पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, सिद्धांत मिश्रा पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष, केशव प्रसाद सोनी सरपंच प्रतिनिधि खैरा, संजय कुमार जांगडे ग्राम सेवक अधिकारी, डॉ. इतवारी खूंटे पूर्व आई पी एस अधिकारी छत्तीसगढ़ शासन, चंद्रशेखर सांडे अध्यक्ष कसडोल ब्लॉक ईकाई, महेत्तरलाल घृतलहरे पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक ईकाई कसडोल, विनोद चेलक प्रवक्ता ब्लॉक ईकाई कसडोल, योगेश बंजारे पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष, रामकुमार टंडन जनपद सदस्य मटिया, गायत्री जाटवर सरपंच ग्राम पंचायत हटौद, कमलेश बंजारे मां शबरीदाई राईस मिल सर्वा, नारायण प्रसाद भारद्वाज अध्यक्ष सतनामी समाज सेल, प्रमोद कुमार घृतलहरे उपसरपंच ग्राम पंचायत सेल, कुसुम माधव घृतलहरे, किरण दिलीप दिवाकर, रामकुमार खूंटे पंच ग्राम पंचायत सेल, नंदबाई भारद्वाज पंच ग्राम पंचायत सेल, नीलकंठ कोयल पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत सेल, विक्की कोयल आवास मित्र सनत पंकज सचिव ग्राम पंचायत सेल, नंदबाई भारद्वाज पंच ग्राम पंचायत सेल, भानुप्रताप घृतलहरे भीम आर्मी उपाध्यक्ष, सोनाराम कोयल पूर्व शिक्षक, पुनीराम भास्कर, पूर्व कोलफील्ड रतिराम कोयल, पूर्व पुलिस रामलाल भास्कर, पूर्व शिक्षक जयराम दिवाकर, पूर्व कोल्ड फिल्ड नाथूराम रात्रे सहित समाज के बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

## भवानीपुर एनएसएस शिविर में बौद्धिक परिचर्चा

# सेवा और अनुशासन ही सच्चे स्वयंसेवक की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर



ग्राम भवानीपुर में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय रोहांसी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथियों ने युवाओं को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण के लिए प्रोत्साहित किया।

मुख्य अतिथि नगर पंचायत पलारी के अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य सेवा, अनुशासन और नेतृत्व है। उन्होंने स्वयंसेवकों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिविर में सीखा गया टीम वर्क और समय प्रबंधन केवल सात दिनों तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इन मूल्यों को जीवन भर अपनाना चाहिए।

मुख्य वक्ता डॉ. अनिल कुमार भतपहरी पूर्व सचिव, राजभाषा आयोग ने कहा कि अनुशासन ही व्यक्ति को सही दिशा प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं को शाकाहार अपनाने, नशे से दूर रहने और सादगीपूर्ण जीवन जीने का आह्वान किया। परिचर्चा के दौरान स्वयंसेवकों ने अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने की। इस अवसर पर हर्ष वर्मा, वरिष्ठ स्वयंसेवक लोकेश कनौजे, ऋषि साहू, कार्यक्रम अधिकारी दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र 20250721010053 अ - 21 (4)
वर्ष 2024-25
ग्राम करही प.ह.नं. 38
तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक चैनसिंग पिता जेठू जाति कुर्मी कास्तकार ग्राम करही, तहसील सुहेला, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम करही, प.ह.न. 38. तहसील-सुहेला स्थित खसरा नंबर 726 रकबा 0.35 हेक्टेयर भूमि को अनावेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 15,00,000 /- रूपये ( अक्षरी पन्द्रह लाख रूपये) प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 1,73,000/- रूपये ( अक्षरी एक लाख तिहत्तर हजार रूपये) आवेदक द्वारा प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन पत्र बी-1. खसरा पांचसाला, ईकरारनामा सहित संलग्न किया है। जो कि जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 29.12.2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार सुहेला**

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र 20250821010069 अ - 21 (4)
वर्ष 2024-25
ग्राम करही प.ह.नं. 38
तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक संतूराम पिता फुलसिंग जाति सतनामी निवासी करही तहसील सुहेला, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम करही प.ह.न. 38 तहसील-सुहेला स्थित खसरा नंबर 729 रकबा 0.35 हे0 भूमि को अनावेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 15,00,000/- रूपये ( अक्षरी पन्द्रह लाख रूपये) प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 1,73,000/- रूपये (अक्षरी एक लाख तिहत्ता हजसा रूपये मात्र) आवेदक द्वारा प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन पत्र बी-1, खसरा पांचसाला, इकरारनामा सहित संलग्न किया है। जो कि जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 29.12.2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार सुहेला**

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र 20250821010071 अ - 21 (4)
वर्ष 2024-25
ग्राम करही प.ह.नं. 38
तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक बसंत पिता धनुष जाति सतनामी निवासी करही तहसील सुहेला, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम करही प.ह.न. 38 तहसील-सुहेला स्थित खसरा नंबर 666 रकबा 0.57 हे. भूमि को अनावेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 15,00,000/- रूपये ( अक्षरी पन्द्रह लाख रूपये) प्रति एकड़ की दर से भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 2,79,000 /- रूपये (अक्षरी दो लाख उन्यासी हजार रूपये) आवेदक द्वारा प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन पत्र बी-1, खसरा पांचसाला, ईकरारनामा सहित संलग्न किया है। जो कि जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 29.12.2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार सुहेला**

**न्यायालय तहसीलदार सुहेला, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ. ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र 20250821010072 अ - 21 (4)
वर्ष 2024-25
ग्राम करही प.ह.नं. 38
तहसील सुहेला जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग.

एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है। आवेदक टापलाल पिता समारू जाति केंवट निवासी करही तहसील सुहेला, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग. ) द्वारा ग्राम करही प.ह.न. 38 तहसील-सुहेला स्थित खसरा नंबर 722 रकबा 0.41000 हे. भूमि को अनावेदक श्री सीमेंट लिमिटेड खपराडीह, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 15,00,000/- रूपये (अक्षरी पन्द्रह लाख रूपये) प्रति एकड़ की दर भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 2,00,000/- रूपये (अक्षरी दो लाख रूपये) आवेदक द्वारा प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (7) के तहत आवेदन पत्र बी-1 खसरा पांचसाला, ईकरारनामा सहित संलग्न किया है। जो कि जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा से प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 29.12.2025 तक अपना आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार सुहेला**

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
26 दिसम्बर 2025
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 12:00, 3:45, 9:00 PM
तु मेरी मै तेरी, मै तेरा तु मेरी
शो समय - 6:00, 9:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### प्रकाश बना आरक्षक पंचायत ने किया सम्मान



**बलौदाबाजार।** ग्राम पंचायत मुसवाडीह के आश्रित गांव भालुकोना निवासी प्रकाश यादव के पुलिस आरक्षक पद पर चयन होने से पंचायत क्षेत्र में हर्ष है। इस उपलब्धि पर पंचायत द्वारा उनका सम्मान किया गया। समारोह में ग्राम सरपंच अंजलि सारथी, उपसरपंच मंजू मारकंडेय, सचिव विजय चेलक, समस्त पंचगण एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य बलदाऊ वर्मा, प्रतिनिधि पवन सारथी, डिगेन्द्र मारकंडेय, रवि ध्रुव, नेतराम यादव, ऐनक टिकरिहा, टालेश्वर, श्यामलाल, चम्मन, सोमनाथ, यशवंत रोजगार सहायक, धन्नू ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### प्राक्चयन परीक्षा 28 को रायपुर में

**महासमुंद।** वर्ष 2025-26 में संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी के लिए राजीव युवा उत्थान योजना वर्ष 2019 के भाग (I) के अंतर्गत अभ्यर्थियों के चयन के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन परीक्षण के उपरांत अभ्यर्थियों की प्राक्चयन परीक्षा रविवार 28 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक जिला रायपुर में निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने जानकारी दी है कि उक्त प्राक्चयन परीक्षा के लिए जिन अभ्यर्थियों को अभिलेखों के अभाव में अपात्र घोषित किया गया था, उन्हें प्रावधिक रूप से परीक्षा में शामिल होने की अनुमति प्रदान की गई है।

### 30 लीटर शराब जब्त एक गिरफ्तार

**महासमुंद।** ग्राम केंवटापाली में बसना पुलिस एक आरोपी के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। मामले आरोपी को आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम केंवटापाली के बिजेंद्र कुमार जांगड़े अपने घर की बाड़ी में बिक्री के लिए अवैध शराब छुपाकर रखा है। मौके पर पहुंची पुलिस को आरोपी अपने घर बाड़ी में अवैध शराब बिक्री करते हुए मिला। पूछताछ में उसने अपना नाम बिजेंद्र कुमार जांगड़े पिता स्व शिवनारायण जांगड़े (38 वर्ष) केंवटापाली चौकी भंवरपुर थाना बसना जिला महासमुंद होना बताया। आरोपी के कब्जे से कुल 30 लीटर कीमत 6000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### सात दिवसीय श्रीराम कथा के समापन में शामिल हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहेब और टंकराम वर्मा

# धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में समरसता, सद्भाव और शांति का होता है संचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का गुरुवार को पूर्णाहुति एवं विश्राम के साथ समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का ऐसा वातावरण निर्मित हुआ। पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा। आयोजन के विश्राम दिवस पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और महाआरती में सहभागिता कर धर्म लाभ प्राप्त किया।

- कथाकार चंद्रकला ने सुनाया रामराज्य का संदेश








कथा व्यास देवी चंद्रकला ने भगवान श्रीराम के वनवास से अयोध्या आगमन, सुंदरकांड की महिमा तथा प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक का सजीव वर्णन किया। दीदी ने सुंदरकांड को संकटों से मुक्ति का मार्ग बताते हुए कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने दृढ़ संकल्प से असंभव को संभव किया, उसी प्रकार मनुष्य भी विश्वास और परिश्रम से जीवन की हर बाधा को पार कर सकता है।

राज्याभिषेक प्रसंग के दौरान पंडाल में पुष्पवर्षा की गई और वातावरण भक्तिरस से सराबोर हो उठा। दीदी चंद्रकला ने कहा कि रामराज्य का अर्थ केवल सत्ता नहीं, बल्कि ऐसा समाज है जहां कोई छोटा-बड़ा नहीं, जहां भय नहीं और जहां प्रेम, करुणा व न्याय का शासन हो। उनके इस संदेश पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

कार्यक्रम में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में समरसता, सद्भाव और शांति का संचार होता है। वहीं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि मर्यादा, सत्य और त्याग ही सशक्त समाज की नींव हैं।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल भी उपस्थित रहे और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की। आयोजन की सफलता पर स्व. सोनचंद वर्मा स्मृति फाउंडेशन के संयोजक पुष्पराज वर्मा ने समस्त श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह आयोजन उनके पूज्य दादाजी की स्मृति को समर्पित है और क्षेत्र की सुख-समृद्धि व शांति के लिए आयोजित किया गया।

### स्वार्थ त्यागकर परमार्थ का मार्ग चुनें संस्कारों से ही बचेगा सनातन



**अर्जुनी।** ग्राम करमदा में जारी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत भूषण आचार्य नंदकुमार शर्मा ने श्रद्धालुओं को मानवता और सदाचार का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि केवल मनुष्य रूप में जन्म लेने से कोई मानव नहीं बनता, यदि मन में स्वार्थ भरा है, तो वह राक्षसी वृति है। जो व्यक्ति स्वार्थ त्यागकर परमार्थ के भाव से जीता है, वहीं वास्तव में महान है। आचार्य ने बताया कि कैसे अत्याचारी राजा बेन का पतन उसके अहंकार और दुराचार के कारण हुआ। उन्होंने सीख दी कि स्वार्थ मनुष्य को अंधा बना देता है, जिससे वह अपनों को भी पराया कर देता है। सच्चा संत वहीं है जिसका हृदय मक्खन की तरह कोमल हो और जो हर जीव में ईश्वर के दर्शन करे। साधु धन का नहीं, बल्कि प्रेम का भूखा होता है। अजामिल की कथा के माध्यम से आचार्य ने मदिरापान को जीवन का विनाशक बताया। उन्होंने कहा कि मदिरा मनुष्य के चरित्र, धन और सम्मान को नष्ट कर देती है। साथ ही, उन्होंने भगवान के नाम की महिमा बताते हुए कहा कि मृत्यु काल में लिया गया नारायण का नाम भी पापी को भवसागर से पार लगा देता है। आचार्य शर्मा ने जोर देकर कहा कि आज हर हिंदू सनातनी को जागृत होने की आवश्यकता है। उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों के नाम देवी-देवताओं पर रखें और उन्हें सनातन संस्कार दें, ताकि आने वाली पीढ़ी अपनी संस्कृति पर गर्व कर सके।

## कलेक्टर जनदर्शन बना सहारा, दिव्यांग ओमप्रकाश को मिली मोटराइज्ड ट्राई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर जनदर्शन से लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान होने से राहत मिल रही है। कलेक्टर दीपक सोनी ने दिव्यांग ओमप्रकाश की समस्या को संवेदनशीलता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग के माध्यम से ट्राइसिकल प्रदान की।

ट्राई साइकिल मिलने से लवन के 40 वर्षीय ओमप्रकाश यादव के लिए अब राहें मुश्किल नहीं होगी। पिता भरत यादव के कंधे का सहारा और अपनी शारीरिक अक्षमता की बेड़ियों को पीछे छोड़ते हुए ओमप्रकाश अब मोटराइज्ड ट्राई साइकिल की रफ्तार से अपने काम स्वयं कर सकेंगे। कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे ओमप्रकाश की समस्या को देखते हुए जिला प्रशासन ने संवेदनशीलता दिखाई। आवेदन के चंद दिनों के भीतर ही समाज कल्याण विभाग के माध्यम से उन्हें बैटरी चलित ट्राई साइकिल प्रदान की गई। ओमप्रकाश ने बताया कि पहले उन्हें कहीं भी जाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती थी, लेकिन अब वे आत्मनिर्भर महसूस कर रहे हैं।




## स्कूलों के विलय के बाद नई शाला प्रबंधन समिति का गठन, गुरुदास गिरी बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी



शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के तहत एक ही प्रांगण में संचालित विद्यालयों के मर्जर के पश्चात, पूर्व की समितियों को भंग कर नई शाला प्रबंधन समिति एवं विद्यालय सुरक्षा समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, पालकों और शिक्षकों ने विद्यालय के समग्र विकास और शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने का संकल्प लिया।

बैठक में विद्यालय की विविध गतिविधियों, स्वच्छता, बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति और बेहतर शैक्षणिक वातावरण निर्माण पर गहन विचार-विमर्श किया गया। पदाधिकारियों को शाला प्रबंधन के कर्तव्यों और नियमों से अवगत कराते हुए यह सुनिश्चित किया गया कि नई समिति बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सजग रहेगी।

सर्वसम्मति से चयन प्रक्रिया के बाद नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, इसमें अध्यक्ष गुरुदास गिरी शाला प्रबंधन समिति,अध्यक्ष सुरक्षा समिति लकेश्वर बघेल, उपाध्यक्ष मनोज कुर्रे, शिक्षाविद बल्लू कोसले और जनप्रतिनिधि के रूप में रूपलाल कोसले का चयन किया गया। इसके साथ ही नरोत्तम ध्रुव, देवनाथ यादव, अनिता ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव सहित अन्य को सदस्य मनोनीत किया गया। इस मौके पर कार्यक्रम में प्रभारी प्रधान पाठक अश्वनी कुमार पटेल, प्रधान पाठक खगेश कुमार रात्रे, टेकराम कुर्रे, लाहराम ध्रुव सहित बड़ी संख्या में पालक और ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिलाड़ी के आंबा केंद्र में लगा ईसीसीई मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम बिलाड़ी के आंगनबाड़ी केंद्र 1 में बुधवार को महिला बाल विकास विभाग टंडवा सेक्टर द्वारा ईसीसीई मेला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनपद सदस्य उत्तरा रामजी निषाद, सरपंच दुलौरिन गौरसिंग ध्रुव, पंच मुकेश वर्मा के साथ बच्चों के माता पिता भी शामिल हुए।

ईसीसीई मेला में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल एवं शिक्षा की जानकारी दी गई। इसमें बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास का आंकलन करने के बाद उन्हें आंगनबाड़ी में शिक्षा प्रदान किया जाएगा। मेला में बताया गया कि ईसीसीई मेला का उद्देश्य बच्चों के मस्तिष्क के उचित विकास के साथ ही उनके शारीरिक गतिविधियों को सुनिश्चित करना है, क्योंकि यही वो समय रहता है, जब बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है।



इस दौरान कार्यक्रम में विभिन्न व्यंजनों के स्टाल के साथ अनुभव का कोना, रचनात्मक ज्ञान, अक्षर ज्ञान, संख्या ज्ञान का स्टाल लगाया गया था। उक्त मेला को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुभद्रा निषाद, भागवती वर्मा, नंदिनी कन्नौजे तथा सहायिका चैती यदु, परागा साहू, कौशिल्या कुर्रे आदि का विशेष योगदान रहा।

### पंडरीपानी गांव में चाचा-भतीजा के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम पंडरीपानी में चाचा-भतीजा के साथ कुछ लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में सरायपाली थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस को प्रार्थी त्रिविक्रम सतपथी ने बताया कि उसके चाचा प्रकाश सतपथी तथा पिता परीक्षित सतपथी सगे भाई हैं। मेरे पिता व चाचा के नाम से ग्राम पंडरीपानी अमलीढोरी खार में पटवारी हल्का नंबर 03 में स्थित खसरा क्रमांक 270 रकबा 0.55 हे. स्थित है। उक्त जमीन का राजस्व से सीमांकन कराकर खसरा क्रमांक 270 में से कुछ जमीन को बिक्री किये हैं। वहीं खसरा क्रमांक 270 से लगा हुआ खसरा क्रमांक 273 है जिसमें खसरा क्रमांक 270 का 5 डिसमिल जमीन समाहित है। 5 डिसमिल जमीन भूमिस्वामी को कब्जा दिलाने हेतु राजस्व विभाग से अधिकारी-कर्मचारी मौके पर आये थे। इस दरान प्रार्थी, उसके चाचा प्रकाश व पिता परीक्षित उपस्थित थे।

## रबी फसल के लिए बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कृषकों के फसल को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़ जलप्लावन, ओलावृष्टि आदि प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2025 के नए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। रबी वर्ष 2025-26 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर तक निर्धारित है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल गेहूं सिंचित, गेहूं असिंचित, चना, अलसी एवं राई सरसो फसल का बीमा करा सकते हैं। गेहूं सिंचित हेतु, गेहूं असिंचित प्रीमियम राशि 420 रुपये प्रति एकड, चना प्रीमियम राशि 600 रुपये प्रति एकड, अलसी प्रीमियम राशि 285 रुपये प्रति एकड, राई-सरसो प्रीमियम राशि 420 रुपये प्रति एकड़ देय होगा।



- डाक घर में निर्धारित तिथि तक होगा बीमा

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को फसल को प्रतिकूल मौसम एवं प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किये जाने वाले ऋणी एवं अऋणी किसान जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं। जो किसान अधिसूचित ग्राम में अधिसूचित फसल के लिए वित्तीय संस्थानों से मौसमी कृषि ऋण स्वीकृत, नवीनीकृत की गई हो अनिवार्य रूप से सम्मिलित होंगे। इनके अलावा ऐच्छिक आधार पर अधिसूचित फसल उगाने वाले सभी गैर ऋणी किसान जो योजना में सम्मिलित होने के लिए इच्छुक हो वे फसल बुआई पत्र, अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्व-घोषणा पत्र, नवीन आधार कार्ड, नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी, बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर खाता क्रमांक, आईएफएससी कोड, बैंक का पता साफ दिख रहा हो, किसान का वैध मोबाईल नंबर, बटाईदार, कास्तकार, साझेदार किसानों के लिए फसल साझा, कास्तकार का घोषणा पत्र इत्यादि दस्तावेज लेकर अपनी समिति, संबधित बैंक, संबंधित बीमा प्रदाय कम्पनी, लोक सेवा केन्द्र, डाक घर में निर्धारित अंतिम तिथि 31 दिसम्बर के पूर्व अपने फसलों का बीमा करा सकते हैं। उपरोक्त फसल हेतु जिले के विकासखण्ड- सिमगा में 64 ग्राम विकासखंड भाटापारा में 127 ग्राम, विकासखंड बलौदाबाजार में 11 ग्राम, विकासखण्ड कसडोल में 1 ग्राम एवं विकासखण्ड-पलारी में 28 ग्राम अधिसूचित है।

### कुल बीमित राशि का 1.5% प्रीमियम किसानों द्वारा देय

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम रबी 2025-26 तक जिले के लिए एच.डी.एफ.सी. एर्गो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को निविदा के आधार पर चयनित हुआ है। किसानों के द्वारा प्रदाय किये जाने वाले प्रीमियम दर रबी 2025-26 में फसल बीमा योजनान्तर्गत कुल बीमित राशि का 1.5 प्रतिशत किसानों द्वारा प्रीमियम राशि देय है। एक ही अधिसूचित क्षेत्र एवं अधिसूचित फसल के लिए अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कृषि ऋण स्वीकृति होने की स्थिति में किसानों को ही एक ही स्थान से बीमा कराया जाना है। जिसकी सूचना किसानों को संबंधित बैंक को देनी होगी। ऋणी एवं अऋणी किसानों के द्वारा समान रकबा, खसरा का दोहरा बीमा कराने की स्थिति में किसान के समस्त दस्तावेज को निरस्त करने का अधिकार बीमा कम्पनी के पास होगा।

### कुर्मी और कंवर समाज के सामुदायिक भवन का विधायक इन्द्र साव ने किया भूमिपूजन

# ग्रामीण विकास के लिए निर्माण के साथ शिक्षा और संस्कार भी जरूरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

विधानसभा क्षेत्र के ग्राम भोथीडीह में कुर्मी एवं कंवर समाज के सामुदायिक भवन का भूमि पूजन विधायक इन्द्र साव ने किया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भारी उत्साह देखने को मिला। ग्रामवासी अपने निजी कार्य के लिए भी गांव से बाहर नहीं जा कर इस दिन को त्योहार के रूप में मनाया।

इसके पूर्व विधायक इन्द्र साव का ग्राम भोथीडीह आगमन पर बाजेगाजे व आतिशबाजी के साथ ग्राम वासियो ने उनका स्वागत किया। विधायक इन्द्र साव ने कहा गांव का विकास सिर्फ रोड, नाली,भवन, रंगमंच और अहाता निर्माण करने मात्र से नहीं होगा। जब तक हम अपने बच्चों और युवाओं को शिक्षा और संस्कार नहीं देंगे तब तक हम अपने गांव को विकसित गांव में नहीं गिन सकते। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है और गांव की जो भी मूलभूत आवश्यकता होगी वो उनके कार्यकाल में जरूर पूरी होगी।

विधायक साव ने गांव के युवा ऊर्जावान छात्रों और उनके पालकों से अच्छी शिक्षा ग्रहण करने और कराने का आह्वान करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए शिक्षा और संस्कार भी आवश्यक है, जब एक शिक्षित परिवार होता है तो वो पूरे गांव को शिक्षा के प्रति प्रेरित करता है, जिससे गांव के लोगों में अपने गांव के विकास के लिए कुछ नया कर गुजरने की चाहत होती है जिससे पूरे गांव का फायदा होता है।

इस अवसर पर सरपंच अनुपराम साहू, गुड़ाघाट सरपंच मानसिंह साहू, सेम्हराडीह सरपंच लक्ष्मण ध्रुव, जनपद सदस्य खपरी दीपक ध्रुव, शत्रुघन ध्रुव, महेश साहू, कुंवरसिंह साहू, जयकुमार साहू, पंचगण सुनील ध्रुव, अंगद ध्रुव, प्रमिला साहू, राधा साहू,उषा साहू, धनीराम साहू, भरत साहू, ललिता ध्रुव, पूर्णिमा ध्रुव, हीरा सिंह ठाकुर, खेमलाल साहू, मोहन साहू, मालिक राम साहू, बाली राम ध्रुव, राजकुमार ध्रुव, रामलीला मंडली के सदस्य, कीर्तन मंडली के सदस्य, स्वसहायता समूह के सदस्य सहित काफी बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### रामायण मंडप निर्माण के लिए 10 लाख की घोषणा

विधायक साव ने गांव में अवैध शराब बिक्री नहीं होने एवं गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सरपंच सहित ग्रामवासियों को बधाई दी और कहा कि नशा पान से एक व्यक्ति ही नहीं पूरा परिवार तबाह होता है। इस दौरान विधायक ने ग्रामवासियों की मांग पर रामायण मंडप निर्माण के लिए दस लाख की घोषणा की, जिसका उपस्थित ग्रामवासियों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया।